**6(06)/2021-ABCD(Pt.II)**

**प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)**

(इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त सोसायटी)

## महानिदेशक के पद को भरने के लिए विज्ञापन

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) **महानिदेशक, सी-डैक** के पद को भरने के लिए योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है ।

**प्रगत संगणन विकास केंद्र (सी-डैक)**, इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार की एक वैज्ञानिक सोसाइटी है। सी-डैक की विशेषज्ञता के क्षेत्रों की रेंज आधारभूत प्रौद्योगिकी में अनुसंधान और विकास कार्य से उत्पाद विकास, आईपी सृजन और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, विभिन्न क्षेत्रों में सीधे या साझेदारी मॉडल के जरिये समाधानों का नियोजन, उच्च कार्य निष्पादन कम्प्यूटिंग और ग्रिड कम्प्यूटिंग; भाषा कम्प्यूटिंग और वाक् संसाधन ; फ्री और ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर सहित कंप्यूटर विज्ञान और सॉफ्टवेयर प्रद्योगिकी ; और एंबेडेड सिस्टम, प्लेटफ़ॉर्म, स्पेशलाइज्ड हार्डवेयर, ब्रॉडबैंड और वायरलेस कंट्रोल सिस्टम और साइबर-सुरक्षा सहित व्यावसायिक इलेक्ट्रॉनिकी तक है। अनुप्रयोगों और समाधान के पक्ष में, प्रमुख क्षेत्रों में अन्य के साथ विज्ञान और इंजीनियरिंग, ई-शासन, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली, रेलवे, उद्योग शामिल हैं। शिक्षा और प्रशिक्षण कार्यक्रम उद्योग के लिए प्रासंगिकता के उच्च और विशेष तकनीकी पाठ्यक्रमों और फिनिशिंग स्कूल प्रकार के मॉड्यूल पर केंद्रित हैं।

महानिदेशक सोसायटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं तथा अधिशाषी परिषद/कार्यकारी समिति के निर्णयों लागू करने, सोसाइटी के समुचित प्रबंधन के लिए नीतियां और योजनाएं तैयार करने के लिए इसके पास प्रशासनिक और वित्तीय शक्तियां हैं। महानिदेशक की कार्य की जिम्मेदारियॉ  निम्नानुसार हैं :-

**नौकरी की जिम्मेदारियां:**

i. महानिदेशक अधिशासी परिषद के समग्र मार्गदर्शन में सी-डैक के समग्र प्रबंधन और संचालन के लिए जिम्मेदार होंगे ।

ii. महानिदेशक अधिशासी परिषद के  पदेन सदस्य होंगे ।

iii. महानिदेशक ऐसी कार्यकारी और वित्तीय शक्तियों का प्रयोग करेंगे जैसा कि सी- डैक के चार्टर में निहित है या अधिशासी परिषद द्वारा उसे प्रत्यायोजित की गई है ।

iv. महानिदेशक अपनी कुछ शक्तियों, कार्यों और कर्तव्यों को अधीनस्थ स्तर पर प्रत्यायोजित कर सकते हैं।

**नौकरी की आवश्यकताएँ:**

i. संस्थागत लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए वैज्ञानिक, अनुसंधान एवं विकास, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मिकों के अत्यधिक विशिष्ट और प्रतिभाशाली पूल के एक समूह का मार्गदर्शन, प्रेरणा, दोहन और नेतृत्व करने की क्षमता।

ii. स्वतंत्र रूप से उच्च प्रतिष्ठा और राष्ट्रीय महत्व के संगठन का प्रबंधन करने की क्षमता जिसमें जनशक्ति नियोजन, विकास, बजट, वित्त और विभिन्न अन्य संगठनात्मक पहलुओं जैसे पहलू शामिल हैं।

iii. एक व्यापक वैज्ञानिक, आरएंडडी और प्रौद्योगिकीय दृष्टि और सम्बंधित प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए रूझानों और उभरकर सामने आ रहे गतिविधियों का ट्रैक रखने की क्षमता।

iv. बौद्धिक संपदा अधिकारों और उच्च-गुणवत्ता युक्त अनुसंधान के व्यावसायिक पहलुओं की गहन जानकारी और ठोस ज्ञान।

v. सरकार, अकादमिक, अनुसंधान एवं विकास और शैक्षिणिक संस्थानों तथा आईटी उद्योग के साथ प्रभावी ढंग से संपर्क संसाधित करने की क्षमता।

vi. उच्च कार्यनिष्पादन कम्प्यूटिंग (एचपीसी)/ग्रिड कम्प्यूटिंग/सूचना प्रौद्योगिकी/सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी/दूरसंचार/वीएलएसआई डिजाइन/इलेक्ट्रॉनिकी आदि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण आरएंडडी परियोजनाओं के नेतृत्व और नतीजे प्रदान करने में अनुभव।

**1.** महानिदेशक, सी-डैक का पद वेतन मैट्रिक्स (1,82,200-2,24,100 रु.) में लेवल 15 वेतनमान में है और इसे सीधी भर्ती/आमेलन/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि अनुबंध सहित) द्वारा भरे जाने का प्रस्ताव है । सीधी भर्ती/आमेलन पद्धति से भरे गए पद का कार्यकाल अधिवर्षिता की आयु (सी-डैक के लागू भर्ती नियमों के अनुसार) तक होगा और यदि पद प्रतिनियुक्ति पद्धति से भरा जाता है तो कार्यकाल आरम्भतः 5 वर्ष तक का होगा।

**2. पात्रता मानदंड**

**शैक्षणिक योग्यता और अनुभव**

**क. सीधी भर्ती**

**I. शैक्षिक योग्यता और अनुभव: -**

**आवश्यक:**

अभियांत्रिकी/टेक्नोलॉजी इन इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रिकल्स/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार/दूरसंचार/ कंप्यूटर विज्ञान में मास्टर डिग्री

**या**

इन विषयों में से किसी एक में पीएचडी ।

**वांछनीय :**

निम्नलिखित का पूरा ज्ञान हो
i) भारत सरकार की नीतियां
ii) कॉर्पोरेट प्रबंधन ।

**II आवश्यक अनुभव:**

क. मास्टर डिग्री के मामले में योग्यता पश्चात 22 साल का अनुभव ।

या

पीएचडी के मामले में योग्यता पश्चात 17 साल का अनुभव ।

**ख.** उम्मीदवार को वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव होना चाहिए।

**(ख). आमेलन/प्रतिनियुक्ति (अल्पावधि संविदा सहित): -**

केंद्र सरकार या राज्य सरकार या सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम या स्वायत्त निकायों के अधिकारी:-

(क) जो नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हों; या

**या**

अपने मूल संवर्ग या विभाग में वेतन मैट्रिक्स (144200-218200/-रु.) में लेवल 14 वेतनमान में 3 साल की नियमित सेवा के साथ;

**तथा**

(ख) सीधी भर्ती माध्यम के लिए निर्धारित योग्यता (ओं) और अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी।

**नोट 1:** इस नियुक्ति के तुरंत पहले धारित अन्य किसी संवर्ग बाह्य पद में प्रतिनियुक्ति की अवधि (अल्पावधि अनुबंध सहित) उसी संगठन में या केंद्र सरकार के अन्य संगठन या विभाग में आमतौर पर पांच साल से अधिक नहीं होगी ।

**नोट 2:** प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को 58 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**नोट 3:** आमेलन के आधार पर नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 56 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए ।

**3. आयु सीमा**

आवेदन की अंतिम तिथि:

**(i) सीधी भर्ती के लिए:** 50 वर्ष।

अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए, सीधी भर्ती पद्धती (यानी 50 + 5 साल की छूट) के लिए आयु सीमा 55 साल होगी।

अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से संबंधित उम्मीदवारों के लिए, सीधी भर्ती पद्धती (यानी 50 + 3 साल की छूट) के लिए आयु सीमा 53 साल होगी।

**(ii) आमेलन के लिए:** 56 वर्ष।

**(iii) प्रतिनियुक्ति/प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित):** 58 वर्ष।

**नोट 1:** सरकारी कर्मचारियों को दी जाने वाली आयु-सीमा छूट, समय-समय पर जारी डीओपीटी के निर्देशों के अनुसार शासित होगी ।

**नोट 2:** एमईआईटीवाई के अंतर्गत स्वायत्त सोसाइटियों के सेवारत कर्मचारियों को सीधी भर्ती के मध्यम से आयु सीमा में  पांच वर्ष की छूट।

**नोट 3:** आयु सीमा निर्धारित करने की महत्वपूर्ण तिथि भारतीय उम्मीदवारों से आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि होगी (और न कि दूरस्थ क्षेत्रों जैसे कि असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला और पंगी उप-विभाग चंबा जिला, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र या लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र में रहने वाले लोगों के लिए अंतिम निर्धारित तारीख) ।

**4. सामान्य बातें :**

(i) आवेदन, सभी मामलों में पूर्ण, प्रमाण पत्रों की साक्ष्यांकित प्रतियों, योग्यता, अनुभव, जन्म तिथि आदि से संबंधित प्रतियों के साथ निर्धारित प्रोफार्मा में अंतिम तिथि तक या उससे पहले पहुंच जाना चाहिए। इस प्रयोजन के लिए **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि रोज़गार समाचार में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन बाद होगी।** इसके

अतिरिक्त, आवेदन वाले लिफाफे पर **"महानिदेशक (सी-डैक), पद के लिए आवेदन"** का उल्लेख किया जाना चाहिए तथा उप निदेशक (एबीसी डिवीजन), इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई), इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6-सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोदी रोड, नई दिल्ली -110003, को संबोधित होना चाहिए ।

(ii) असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, मणिपुर, नागालैंड, त्रिपुरा, सिक्किम, लद्दाख संघ राज्य क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति जिला और पंगी उप-प्रभाग चंबा जिला, अंडमान निकोबार द्वीप समूह संघ राज्य क्षेत्र या लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र के आवेदकों के लिए अंतिम तिथि आवेदन प्राप्त होने की **निर्धारित अंतिम तिथि से 15 दिन बाद होगी**।

(iii) जो लोग सरकार/पीएसयू/स्वायत्त निकायों में काम कर रहे हैं, उन्हें अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना आवश्यक है साथ में पांच वर्षों के एपीएआर की प्रतियों के साथ सतर्कता/अनुशासनिक अनापत्ति जो किसी ऐसे अधिकारी द्वारा सत्यापित किए गए हों, जो अवर सचिव या समकक्ष के रैंक से नीचे न हो। अधिकारी की सत्यनिष्ठा को भी प्रमाण पत्र के साथ प्रमाणित किया जाए कि कहीं उस पर कोई छोटी/बड़ी शास्ति तो अधिरोपित नहीं की गई है।

**नोट :**

1. ऐसे आवेदन जो विज्ञापन में बताई गई न्यूनतम आवश्यकता के अनुरूप और उचित प्रोफार्मा के अनुरूप भी नहीं होंगे, अस्वीकृत कर दिए जाएंगे ।

2. केवल अल्प सूचीबद्ध उम्मीदवारों को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाया जाएगा। सिर्फ विज्ञापन में निर्धारित आवश्यकताओं की पूर्ति, उम्मीदवार को निजी परस्पर संवाद के लिए बुलाए जाने की अर्हता प्रदान नहीं करती है ।

3. उम्मीदवारों की शार्टलिस्टिंग शैक्षिक योग्यता, आवश्यक पद योग्यता अनुभव, वरिष्ठ प्रबंधन क्षमता में अनुभव, किसी भी संगठन के प्रमुख, भारत सरकार की नीतियों और कॉर्पोरेट प्रबंधन का ज्ञान, प्रकाशित वैज्ञानिक पेपर्स, पुरस्कार और मान्यता, पेटेंट / कॉपीराइट / ट्रेडमार्क आदि और विजन स्टेटमेंट के आधार पर किया जाएगा।

उम्मीदवार इस विज्ञापन के संबंध में आवेदन प्रपत्र और अन्य विवरणों के लिए निम्नलिखित वेबसाइटों सन्दर्भ ले सकते हैं :

www.meity.gov.in; www.cdac.in ; www.persmin.gov.in और www.ncs.gov.in